Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 08-08-2006

Participants : Mehta Shri Alok Kumar

an>

Title : Need to check alleged irregularities prevailing in the Rajendra Agricultural University, Pusha, Samastipur, Bihar.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार के समस्तीपुर जिला अन्तर्गत राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय पूसा देश का एक प्रतिठित विश्वविद्यालय है, जो कृषि क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के अनुसंधानों के लिए देश में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में अव्वल रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इस विश्वविद्यालय में कई अनुसंधान कार्य ठप्प हो गये हैं जैसे कृत्रिम पशु गर्भाधान, उन्नत बीज आदि। अनुसंधान एवं शोध कार्यों के बंद होने से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक नभ्याकाश में ग्रहण लग रहा है। साथ ही विश्वविद्यालय की स्थापित प्रतिठा धूमिल हो रही है। विश्वविद्यालय में और भी कई प्रकार की अनियमितताओं की शिकायतें मिली हैं। शिक्षण कार्यों पर भी बुरा असर पड़ा है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि विश्वविद्यालय की गरिमा एवं प्रतिठा को बरकरार रखने हेतु इसकी समुचित जांच कराते हुए अनुसंधान एवं शोध कार्यों को नियमित तौर पर चलाया जाये।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, it is my request to you to kindly read the text, which is approved by the Table Office, for matters Under Rule 377. Only the approved text will go on record.

Now, Shri Kamla Prasad Rawat – Not present;

Shrimati Archana Nayak – Not present.